प्रेस नोट

जनपद-झाँसी

दिनाँक- 30.03.2026

CEIR PORTAL/सर्विलांस टीम द्वारा गुमशुदा/खोए हुए 126 मोबाइल फोन (अनुमानित कीमत लगभग 18 लाख रूपये) बरामद।

विभिन्न आवेदकों द्वारा अपने मोबाइल फोन खोने एवं गुम होने के संबंध में प्राप्त सूचना के आधार पर सर्विलांस सेल द्वारा CEIR PORTAL एवं अन्य तकनीकी साधनों का प्रयोग करते हुए कुल 126 मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनकी बाजार में कीमत करीब 18 लाख रूपये है।

आज दिनाँक 30.03.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति द्वारा पुलिस लाइन जनपद झाँसी में गुमशुदा/खोए हुए 126 मोबाइल फोन को बरामद कर उनके स्वामियों को वितरण हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया है तथा बरामद मोबाइल फोन को उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया।

उल्लेखनीय है कि गुम/खोए हुए मोबाइल फोन के स्वामियों द्वारा पूर्व में मोबाइल फोन गुम होने के संबंध में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए थे। उक्त प्रकरणों के क्रम में एसएसपी झाँसी द्वारा सर्विलांस टीम को गुम/खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया था। दिए गए निर्देशों के अनुपालन में सर्वेलंस टीम द्वारा अथक प्रयास करते हुए कुल 126 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिन्हें आज दिनांक 30.03.2026 को उनके वास्तविक स्वामियों को नियमानुसार प्रदान किया गया।

बरामदगी का विवरण:-

126 अदद मोबाइल फोन (अनुमानित कीमत लगभग 18 लाख रूपये)